हंसिया से हमला कर पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट



श्रावस्ती। थाना मल्हीपुर क्षेत्र अन्तर्गत एक पति ने हंसिया घोंपकर लहुलूहान कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर ले गयी , जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना मल्हीपुर के बांसगढ़ी गांव निवासी रक्षाराम मौर्या उम्र वर्ष इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता है। उसकी शादी 22 साल पहले नेपाल के घरवाली टोल की रहने वाली नीलम मौर्या (40) से हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं। बेटा अभिषेक (18) पुणे में पढ़ाई करता है, जबकि बेटी अंकिता (16) नेपाल में अपने मामा के घर रहकर 12वीं की पढ़ाई कर रही है। नीलम के पिता बहुदल मौर्या के मुताबिक, रक्षाराम शादी के बाद से ही उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था। रविवार रात करीब 12 बजे वह कहीं से घूमकर घर लौटा और नीलम से झगड़ने लगा। इसके बाद उसने नीलम के साथ मारपीट की। विरोध करने पर उस पर डंडे से हमला कर दिया। नीलम चीखते-चिल्लाते हुए जान बचाने के लिए घर से बाहर भागी। लेकिन, रक्षाराम हंसिया लेकर उसके पीछे दौड़ा और उसे पकड़ लिया। इसके बाद वह नीलम को घसीटते हुए कस्बे के बीच चौराहे तक ले गया। वहां पहले उसके बाल पकड़कर पिटाई की और फिर सड़क पर पटक दिया। इसके बाद हंसिया से उसके पेट पर 5-6 वार किए। हमले में नीलम गंभीर रूप से घायल हो गई। वह सड़क पर खून से लथपथ हालत में काफी देर तक तड़पती रही। उसकी चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस नीलम को मल्हीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या के बाद पति अपने घर जाकर बैठ गया। पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया है।

थाना पयागपुर क्षेत्र में किया पैदल गश्त

बहराइच। शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा त्योहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को देर शाम जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना पयागपुर क्षेत्रांतर्गत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया तथा विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों एवं दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्गा पूजा पंडालों एवं विसर्जन मार्गों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

महानवमी के पावन पर्व पर कन्या पूजन कन्या भोजकर लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद

कैसरगंज, बहराइच। शारदीय नवरात्र की महानवमी पर बाबा मिठ्ठान दास मंदिर प्रांगण में नवयुवक दुर्गा समिति की ओर से श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्याओं के पांव पखारकर उन्हें देवी स्वरूप मानते हुए विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद कन्या भोज कराकर दक्षिणा एवं उपहार भेंट किए गए। समिति के सदस्यों ने मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन नारी शक्ति के सम्मान और सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है।इस अवसर पर राजेश सोनी, विष्णुचन्द्र श्रीवास्तव, विवेक, बिक्कू, निखिल, रंगीलाल, प्रकाश, अभय, मनीष, विजय और दीप कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

जिला ताइक्कांडो चौम्पियनशिप 2026 का किया उद्घाटन

बहराइच। उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला बहराइच ताइक्कांडो एसोसिएशन द्वारा इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित प्रथम बहराइच जिला ताइक्कांडो चौम्पियनशिप 2026 का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पायगपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी तथा सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। चौम्पियनशिप 2026 में विभिन्न ताइक्कांडो वर्गों में 54 बालक 54 तथा 65 बालिकाओ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एक नजर

मेघनाद वध और सती सुलोचना की लीला ने दर्शकों को किया भावविभोर

करनैलगंज, गोण्डा। नगर के प्रसिद्ध श्रीरामलीला महोत्सव में रविवार को मेघनाद वध और सती सुलोचना की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। सुलोचना का विलाप, विमान से रामदल पहुंचना और टूटी चूड़ियों की बौछार आकर्षण का केंद्र रही। मंचन में दिखाया गया कि लक्ष्मण और मेघनाद के बीच भीषण युद्ध होता है। मेघनाद नागपाश से श्रीराम और लक्ष्मण को बांध देता है जिससे रामादल में हाहाकार मच जाता है। नारद जी के आग्रह पर गरुड़ पहुंचकर नागों का भक्षण करते हैं और श्रीराम व लक्ष्मण को बंधनमुक्त कराते हैं। इसके बाद लक्ष्मण और मेघनाद के बीच फिर घमासान युद्ध होता है। अंत में लक्ष्मण के बाण से मेघनाथ का शीश और भुजा कटकर अलग हो जाते हैं। उसकी भुजा सुलोचना के महल में गिरती है जबकि शीश रामादल में पहुंचता है। पति की मृत्यु का समाचार मिलने पर सुलोचना अपनी सास मंदोदरी और ससुर रावण से अनुमति लेकर डोली में सवार होकर रामादल पहुंचती है और मेघनाद का शीश मांगती है। इस मौके पर अरुण वैश्य, मोहित पांडेय, कामतानाथ वर्मा, आशीष गिरि, महंत गिरिजा शंकर गिरि, महंत रमाशंकर गिरि, राजेंद्र वर्मा, अभिषेक पुरवार और अंकित जायसवाल सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

कैलाश बाग और मौर्य नगर में महाआरती

करनैलगंज, गोण्डा। महाष्टमी के अवसर पर सोमवार शाम नगर के कैलाश बाग और मौर्य नगर में महाआरती एवं आरती थाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर मां भक्तों ने जगजननी महामाई की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सांड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत , युवती घायल

गोंडा। परसपुर-करनैलगंज सीबीएन मार्ग पर आंटा स्थित धर्मकांटा के सामने सोमवार को अचानक सांड़ के सामने आ जाने से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। युवक अपनी साढ़ू की बेटी को मुंबई जाने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन पर बैठाने के लिए करनैलगंज रेलवे स्टेशन जा रहा था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। तरबगंज थाना क्षेत्र के उमरापुर गांव निवासी शिवप्रकाश मौर्य (30) पुत्र कृष्ण प्रसाद मौर्य अपनी साढ़ू की बेटी नीलम को मुंबई जाने वाली अवध एक्सप्रेस में बैठाने के लिए बाइक से करनैलगंज रेलवे स्टेशन जा रहे थे। रास्ते में आंटा स्थित धर्मकांटा के सामने अचानक सांड़ के आ जाने से उनकी बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवप्रकाश और नीलम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिवप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, नीलम की हालत गंभीर बताई गई। शिवप्रकाश की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

चोरी की पायल और 4500 रुपये के साथ आरोपित गिरफ्तार

गोंडा। कौड़िया पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सफेद धातु की चार पायल और 4500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, कुकुरदेवरवा, मौजा महापारा निवासी हरिश्चंद्र पांडेय पुत्र मुंशीलाल पांडेय ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि 28 अगस्त 2026 की रात अज्ञात व्यक्ति उनके घर के बरामदे में सो रही युवती के गले से ओम, कान की बाली और पायल चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान युवती की आंख खुल गई और शोर मचाने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। वादी की रिश्तेदार की पायल चोरी होने की बात भी सामने आई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को रात करीब 1ः52 बजे पुलिस ने बौनापुर मोड़ से लगभग 300 मीटर आगे खैरम चौराहे की ओर जाने वाली सड़क से आरिफ पुत्र अकरम निवासी ग्राम बिरवा, थाना कौड़िया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से सफेद धातु की दो जोड़ी यानी चार पायल और 4500 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपित ने अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात बताई है। संबंधित थानों को इसकी जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राहुल प्रताप सिंह, शेषनाथ पांडेय, कांस्टेबल बृजेश कुमार, दीपक कुमार, सुमित मिश्रा, रिषित कुमार, मुख्य आरक्षी विजयभान यादव, अरुण कर सिंह और कांस्टेबल गगनचंद यादव शामिल रहे।

26 अक्टूबर को मनाई जाएगी महर्षि वाल्मीकि जयंती

गोंडा। आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर आगामी 26 अक्टूबर, सोमवार को आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन, विचारों, आदर्शों और समाज को दिए गए अमूल्य योगदान का स्मरण किया जाएगा। महर्षि वाल्मीकि ने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से समाज को सत्य, मर्यादा, नैतिकता, कर्तव्य और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। उनका जीवन एवं कृतित्व सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श आज भी समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पंडित ने जिले के सभी पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सम्मानित नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है।

एनटीपीसी टांडा में होगा भव्य रावण दहन



अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा में दशहरा पर्व के अवसर पर टेवा क्लब के तत्वावधान में भव्य रामलीला एवं रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 20 अक्टूबर को शाम पांच बजे एनटीपीसी रामलीला मैदान में होगा। इस दौरान करीब 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा जिसे जिले के सबसे बड़े रावण के पुतले के रूप में आकर्षण का केंद्र बनाया गया है।कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन उनके मार्गदर्शन में तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख रजनीश खेतान की देखरेख में कराया जा रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने में टेवा क्लब के जनरल सेक्रेटरी सुनील पाल अध्यक्ष एवं एनटीपीसी के एजीएम सतीश कुमार नूने उपाध्यक्ष महेश कुमार और कोषाध्यक्ष ध्यानचंद समेत पूरी टीम जुटी हुई है।

नवरात्रि पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

बलरामपुर। बाबू हरीकांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज के प्रांगण मे पवित्र नवरात्र पर्व पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अनीता चौहान के संयोजन मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध तंत्र सदस्या मुख्य अतिथि शशी श्रीवास्तव के स्वागत के साथ किया गया। जिसमे छात्राओ द्वारा आकर्षक डांडिया एवं गरबा नृत्य की प्रस्तुतिकरण की गई। कार्यक्रम मे काजल मिश्र ,गौरी वाल्मिकी, अंजन चौहान, सिद्धिमा, लाडो श्रीवास्तव,चंदन चौहान,महक,महिमा पाठक, विजय लक्ष्मी, अनुष्का साहनी रुची यादव, रुचि मिश्र, रिद्धि यादव, सुधा यादव, वंदना चौहान,अलफिया, अनाबिया वैशनवी श्रीवास्तव आदि छात्राओ ने आकर्षक प्रस्तुती दी। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि शशी श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागी छात्राओ को पुरस्कृत किया गया।

एक नजर

देवी मन्दिरों पर भक्तों की भारी भीड़

श्रावस्ती। शारदीय नवरात्रि सोमवार को महानवमी पर जिले के विभिन्न मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हवन-पूजन किया गया। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां डालकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही धार्मिक स्थलों पर पूजन-अर्चन का सिलसिला जारी रहा जो सोमवार 5ः00 बजे तक चलता रहा। नवरात्रि के अंतिम चरण में भक्तों ने मां दुर्गा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।महानवमी को नवरात्रि के प्रमुख दिनों में माना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है।

क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही बड़ी दुर्घटना को दावत

गिरंट बाजार श्रावस्ती। विकास क्षेत्र जमुनहा के ग्राम पंचायत पटपरगंज के मिर्जापुर गांव समीप रिसिया मिर्जापुर से पश्चिम दिशा में किसानों के खेतों तक जाने के लिए कच्चे रास्ते पर कुछ साल पहले नाले पर पुलिया का निर्माण हुआ था। जो मानक विहीन घटिया सामग्री के बनने निर्माण चलते इन दिनों दो स्थानों पर टूट कर पुलिया के नीचे गिर गयी है।जिसके चलते किसानों को अपने खेतों से धान की फसल लाने व खेतों की जोताई करने के लिए टैक्टर लेकर जाने में दिक्कत उत्पन्न हो रही है। सर वक्त लोग घबराहट में रहते हैं कि कहीं टैक्टर निकलते समय पुलिया पुरी टूट कर बैठ न जाए और बड़ी दुर्घटना घटित न हो जाय। क्षेत्र के किसानों ने नाले पर टूटी पुलिया को नये सीरे से बनाने की मांग श्रावस्ती जिला प्रशासन से की है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विसर्जन स्थल अंधरपुरवा घाट का लिया जायजा

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने दुर्गा पूजा के दृष्टिगत विकास खंड इकौना अंतर्गत विसर्जन स्थल अंधरपुरवा घाट का जायजा लिया तथा शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन कराने हेतु सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने विसर्जन घाट पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियों को मुकम्मल करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान गड्ढा खोदने का कार्य पूर्ण पाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि घाट पर साफ सफाई, लाईट व्यवस्था आज रात तक पूरी कर ली जाए एवं आने जाने वाले मार्ग को भी साफ कर दिया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों से मिलकर विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सकुशल ढंग से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा व्यवस्था पूर्ण ढंग से विसर्जन कराने हेतु उप जिलाधिकारी इकौना एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी निर्देशित किया।

बदहाल अवस्था में खड़ा गिरन्ट क्षेत्र मे बना मैरिज हाल

गिरंट बाजार श्रावस्ती। जनपद के जमुनहा तहसील क्षेत्र के सबसे बड़ी जनसंख्या बहुल्य 56 गांवों के मजरों की यह ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट 7 किलोमीटर दायरे फैली हुई है जहां लगभग 25 हजार आबादी निवास कर रही है।इस ग्राम पंचायत में उच्च शिक्षा स्तर की डिग्री से लेकर सुरक्षा की दृष्टि के लिहाज से थाना यहां तक वन्यजीवों की रक्षा सुरक्षा के लिए वनरेंजकार्यालय , पशुचिकित्सालय सहित बैंक , डाकघर सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजानाएं संचालित हो रही हैं।

एएसपी ने व्यापारियों के साथ की मासिक गोष्ठी

श्रावस्ती। जिले में व्यापारियों की सुरक्षा मजबूत करने और कारोबार से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय सभागार में सर्राफा कारोबारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, गैस एजेंसी और ईंट भट्ठा स्वामियों के साथ मासिक गोष्ठी की। इसमें सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात, अतिक्रमण और अवैध डग्गामार वाहनों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। गोष्ठी में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए व्यापारियों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं रखते हुए बाजारों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने, सड़कों से अतिक्रमण हटाने, बस स्टैंडों पर अवैध डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करने, पेट्रोल पंपों की सुरक्षा बढ़ाने और स्कूल बसों की फिटनेस जांच कराने की मांग की।

दुर्गा पूजा पंडाल में तोड़फोड़ से मचा हड़कंप

अम्बेडकरनगर। भीटी थाना क्षेत्र के घरवासपुर तिराहे पर रविवार देर रात दुर्गा पूजा पंडाल में तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया। जागरण कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ विवाद कुछ देर में बढ़ गया। आरोप है कि पड़ोसी गांव से पहुंचे लोगों ने पंडाल में तोड़फोड़ करते हुए मां दुर्गाए मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई।बताया गया कि जागरण के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और पंडाल को निशाना बनाया। आरोप है कि मां दुर्गा की प्रतिमा का एक हाथ क्षतिग्रस्त हो गया जबकि मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं को तोड़कर नीचे गिरा दिया गया।

आरक्षी पर हमला करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर। कोतवाली अकबरपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित तीन नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया भी बरामद की है। आरोप है कि डायल.112 में तैनात आरक्षी विक्रांत राजभर पर जान से मारने की नीयत से लोहे की सरिया से सिर पर प्रहार किया गया था। हमले में आरक्षी बेहोश हो गए थे। मामले में तहरीर के आधार पर अकबरपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस ने तीनों आरोपितों को पटेल नगर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में काशीराम आवास निवासी आयुष पांडेयए मूल रूप से गाजीपुर निवासी एवं वर्तमान में काशीराम आवास में रह रहे अभय प्रजापति तथा रगड़गंज विजयगांव निवासी शिवा भारती शामिल हैं। पुलिस ने आयुष पांडेय की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया बरामद की।पुलिस के अनुसार अभय प्रजापति के विरुद्ध अकबरपुर कोतवाली में पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं जबकि शिवा भारती के खिलाफएक मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इसहाक खान शिवम सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत गांवों में पहुंचीं पुलिस टीमें

महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

गोंडा। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों के गांवों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें साइबर अपराधों से बचने के उपाय और सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर बताया कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी, एटीएम या डेबिट कार्ड का विवरण साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने, फर्जी कॉल और संदेशों के जरिए मिलने वाले प्रलोभनों में आने से बचें। सोशल मीडिया पर अपरिचित लोगों से बातचीत करते समय सतर्क रहें और अपनी निजी तस्वीरें अथवा अन्य गोपनीय जानकारियां साझा करने से पहले सावधानी बरतें। जागरूकता कार्यक्रमों में महिलाओं को छेड़छाड़, पीछा करने, अभद्र व्यवहार, घरेलू हिंसा और किसी भी तरह के उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने उन्हें बिना भय या संकोच के शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसरों के प्रति जागरूक करते हुए अपने अधिकारों के लिए सजग रहने का संदेश दिया। **इन हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी**महिला सुरक्षा और सहायता के लिए वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में संबंधित हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता ली जा सकती है। गोंडा पुलिस ने आमजन से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन सुनिश्चित करने में सहयोग करने और किसी भी अपराध या आपात स्थिति की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

खेत की सिंचाई करने गए दंपती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अम्बेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के आजनपारा गांव में खेत की सिंचाई करने गए पति.पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह दोनों के शव खेत के पास सड़क किनारे पड़े मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। आजनपारा निवासी बिशुनलाल ;40 रविवार रात करीब 11 बजे पत्नी द्रोपती ;38 के साथ खेत की सिंचाई करने गए थे। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने दोनों को खेत के पास मृत अवस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। दंपती की एक साथ मौत से गांव में तरह.तरह की चर्चाएं हैं।क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि शवों को देखने पर प्रथम दृष्टया जंगली जानवर के हमले की आशंका प्रतीत हो रही है। हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

टुल्लू पंप बनाने गए मकैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कैसरगंज, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के सौगहना गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद (58) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह लालपुर गांव में टुल्लू पंप बनाने गए थे। वहां अचानक उनकी हालत गंभीर हो गई। उनकी भौंह पर चोट का निशान भी मिला। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। उपनिरीक्षक इजिलास प्रसाद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

यक्ष ऐप से पांच घंटे में खुला सर्राफा दुकान में चोरी का राज, दो गिरफ्तार

गोंडा। तरबगंज में सर्राफा दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने यक्ष ऐप की मदद से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का राजफाश करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपितों के कब्जे से चांदी के आभूषण, 14 हजार रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने अन्य चोरी की घटनाओं में भी उनकी संलिप्तता सामने आने की बात कही है। पुलिस के मुताबिक, 18 अक्टूबर की रात तरबगंज थाना क्षेत्र के पंडित दीनदयाल चौराहे पर स्थित रितिक ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चांदी के आभूषण और अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। दुकान मालिक दिलीप कुमार सोनी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के अनावरण के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सूचना और तकनीकी माध्यमों की मदद ली। इसी दौरान नवाबगंज थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त के समय संदिग्ध व्यक्तियों के बैग और मोटरसाइकिल छोड़कर भागने की जानकारी मिली। बैग की तलाशी में आभूषण बरामद हुए। इसके बाद यक्ष ऐप से जानकारी जुटाकर संदिग्धों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने दुर्जनपुर घाट बंधे से रमन गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी मुट्ठीगंज, नवाबगंज और अंशुमान भारती पुत्र छोटे लाल निवासी चाई टोला, नवाबगंज को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सर्राफा दुकान में चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, दुकान का शटर और सामने लगा कैमरा लोहे के सब्बल से क्षतिग्रस्त किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपितों ने तरबगंज क्षेत्र के तुमंदरपुरवा गांव में आठ अक्टूबर की रात एक घर से जेवर और रुपये चोरी करने तथा नगर कोतवाली क्षेत्र के जानकीनगर मोहल्ले में भी एक मकान में चोरी की जानकारी दी है। इन घटनाओं के संबंध में सत्यापन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। **यह सामान हुआ बरामद** पुलिस के अनुसार, बरामद सामान में सफेद धातु के दो हार, 104 बिछिया, चार चेन, चार लॉकेट, दो टॉप्स, छह ब्रेसलेट, 156 अंगूठियां, 16 राखियां, पूजा संबंधी 161 सामान, पुराने सिक्के, सफेद धातु के तार का एक गुच्छा और 14 हजार रुपये नकद शामिल हैं। इसके अलावा एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, लोहे का सब्बल, कटर और दो गमछे भी बरामद किए गए। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, सुनील कुमार सिंह तथा कांस्टेबल सचिन अवस्थी, अंकित राय, प्रमोद वर्मा और आदर्श सोनी शामिल रहे।

महानवमी पर देवीपाटन मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

बलरामपुर। सोमवार को महानवमी पर नगर सहित जिले भर में विभिन्न मन्दिरो पर मां के भक्तो की सैलाब लगी रही। श्रद्धालुओ ने माता दुर्गा की अराधना करते हुये हवन पूजन किया तथा कन्याओ को भोज कराया। नगर के बिजलीपुर मन्दिर,झारखण्डी मन्दिर, उतरौला के दुखहरननाथ मन्दिर सहित नगर के विभिन्न मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओ का ताता लगा रहा। भक्तों ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर माता रानी से परिवार के सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। महानवमी पर मंदिर में उमडी भीड के बीच श्रद्धालुओं में दर्शन-पूजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में उतरौला में भी सभी मन्दिरो पर श्रद्धालुओ की भीड देखी गयी। तुलसीपुर/बलरामपुर। शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर सोमवार को सिद्धपीठ देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। सुबह से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता रानी के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। महानवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां पाटेश्वरी के चरणों में शीश नवाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। दर्शन-पूजन के बाद भक्तों ने मंदिर परिसर स्थित विशाल हवन कुंड में हवन-यज्ञ किया और मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कर नौ दिवसीय नवरात्रि व्रत की पूर्णाहुति दी। नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल रही। मां भगवती के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर माता रानी से परिवार के सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। महानवमी पर मंदिर में उमडी भीड के बीच श्रद्धालुओं में दर्शन-पूजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने विसर्जन स्थल झिंगहाघाट का किया निरीक्षण

बहराइच। श्री मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शान्ति पूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व अन्य सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा झिंगहाघाट पहुंचकर विसर्जन स्थल एवं आसपास की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डीएम व एसपी द्वारा संबंधित पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों को प्रतिमा विसर्जन के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने तथा घाट पर लगातार निगरानी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए,